ओडिशा समाचार

कलिंग समाचार | राउरकेला, बुधवार 31 जुलाई 2024 | पृष्ठ-6

हीराकुद बांध से महानदी में छोड़ा गया पानी, कई जिलों में मंडराया बाढ़ का खतरा, प्रशासन अलर्ट

संबलपुर ३०/०७ (संवाददाता): पिछले पांच दिनों के दौरान पश्चिम ओडिशा के संबलपुरए बरगढ़ और झारसुगुड़ा जिला समेत छत्तीसगढ़ प्रदेश में हुई बारिश हुई थी।

बारिश के कारण हीराकुद बांध का जलस्तर करीब 18 फुट तक बढ़ गया था। रविवार को यह पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है। इसे लेकर महानदी के तट पर स्थित संबलपुर, सोनपुर, बऊद, अनुगुल, नयागढ़ और कटक जिला प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है।

पूर्वान्ह के नौ बजे से अपरान्ह के दो बजे तक हीराकुद बांध परिसर में प्रचलित परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। इसके बाद बांध का गेट खोले जाने की प्रक्रिया शुरु हुई। इस अवसर पर संबलपुर जिलाधीश अक्षय सुनील अग्रवाल, उत्तरांचल पुलिस आईजी हिमांशु लाल, संबलपुर जिला पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार भामो, हीराकुद बांध के मु य अभियंता सुशील कुमार बेहेरा समेत अन्य अभियंता उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक भामो ने नारियल फोड़कर गेट खोलने की प्रक्रिया को शुरु किया।

हीराकुद बांध नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार के पूर्वान्ह नौ बजे जब बांध का सात नंबर का गेट खोला गया थाए तब बांध के जलभंडार का जलस्तर 617.47 फुट था।

इस दौरान बांध के जलभंडार में प्रति सेकंड 2 लाख 94 हजार 856 घनफुट पानी प्रवेश कर रहा था। तब बांध के सात गेट से प्रति सेकेंड 1 लाख 45 हजार 717 घनफुट पानी महानदी में छोड़ा जा रहा था।

जलभंडार के जलस्तर को नियंत्रित करने की खातिर दोपहर 12 बजे और सात गेट खोले जाने के बाद अपरान्ह दो बजे और छह गेट खोले गए। खबर लिखे जाने तक बांध के 20 गेट से महानदी में बाढ़ का पानी छोड़ा जा रहा थाए जिससे महानदी लबालब भर गई है।

डेंगू की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए घर-घर जाकर लोगों का सर्वेक्षण

राउरकेला ३०/०७ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र ने संयंत्र से चुने गए 50 स्वैच्छाकर्मियों को नगर इंजीनियरिंग विभाग की सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई के साथ मिलकर घर.घर सर्वेक्षण करने और डेंगू की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करने के लिए तैनात किया है। स्वैच्छाकर्मियों को 15 दिनों में सर्वेक्षण पूरा करने और डेंगू के संक्रमण के लिए जि मेदार कारकों का आकलन करने और कीट मच्छरों के नियंत्रण के लिए क्षेत्रों को प्राथमिकता देने का कार्य प्रदान किया गया है। नगर इंजीनियरिंग स मलेन कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में मु य महा प्रबंधक ;नगर प्रशासन एवं सीएसआर श्री पीष्के स्वाई द्वारा स्वैच्छाकर्मियों को सेल लोगो और एंटी.डेंगू स्काडष् वाली टी.शर्ट वितरित की गई। इस अवसर पर महा प्रबंधक प्रभारी ;टीई श्री बीष्के जोजो, महा प्रबंधक ;टीई श्री एस नायक उप मु य चिकित्सा अधिकारी ;सार्वजनिक स्वास्थ्य डॉ दीपा लवंगारे, संयंत्र के अन्य अधिकारी और स्वैच्छाकर्मी उपस्थित थे।

ये टी.शर्ट स्वयंसेवकों के लिए एक अलग पहचान दिलाने में मदद करेगीए जिससे उनकी पेशेवर छवि बनेगी और कंपनी की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इसके अलावाए इस पहल से घर.घर जाकर डेंगू जागरूकता और सर्वेक्षण गतिविधियों के दौरान शहरवासियों का विश्वास प्राप्त होगा तथा बेहतर सहयोग मिल पायेगा । यह टीम भावना और कंपनी से जुड़े होने पर गर्व की भावना को भी बढ़ावा देगा।

पुरी समुद्र तट की सुनहली रेत पर प्लॉटिंग, भू-माफिया की साजिश

भुवनेश्वर ३०/०७ (संवाददाता):जगन्नाथ धाम पुरी में समुद्र के किनारे की सुनहली बेलाभूमि को खंड.खंड में प्लाटिंग कर बेचने का षडयंत्र चलने की चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हालांकि पुरी.कोणार्क विकास प्राधिकरण इसकी जानकारी मिलने के बाद इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुरी बेलाभूमि मार्ग स्टर्लिंग चौक के समीप कुछ इसी तरह के गैरकानूनी कार्यकलाप देखने को मिला है। बेलाभूमि की सुनहली रेत पर प्लॉटिंग की गई है और जमीन की पहचान के लिए उसमें पीले रंग का खूंटा निशान के तौर पर लगाया गया है।

प्रथम दृष्टया इसके पीछे जमीन माफिया की साजिश होने की बात सामने आ रही है। जमीन माफिया सुनियोजित तरीके से बेलाभूमि की इस जमीन को बिक्री करने के लिए बाहर राज्यों के ग्राहकों के जुगाड़ में थे। सीआरजेड नियम का यह उल्लंघन है एवं दंडनीय अपराध है। चार भाग में विभक्त सीआरजेड में से समुद्री किनारे के लिए रहने वाले तटीय क्षेत्र सीआरजेड.1 एवं सीआरजेड.2 के अधीन आते हैं।

सीआरजेड कानून के अधीन पर्यावरण कानून 1986 सेक्शन तीन के आधार पर यहां खननए निर्माण दंडनीय अपराध है। किसी भी परिस्थिति में भी यहां कंक्रीट निर्माण नहीं हो सकता है। हालांकि सीआरजेड नियम का उल्लंघन करते हुए स्टर्लिंग चौक बुलाणी के समीप समुद्री तट की बेलाभूमि के ऊपर प्लाटिंग की गई है।

यहां सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि समुद्र की लहरें इस जगह पर भी टकराती रहती हैं। इसकी जानकारी पुरी.कोणार्क विकास प्राधिकरण को मिलने के बाद इसके खिलाफ प्रथम दृष्टया कार्रवाई शुरू की गई है।

फी विन गेम में अवैध पैसों का लेन-देन, 6 घरों में छापेमारी

राउरकेला ३०/०७ (संवाददाता): प्रवर्तन निदेशालय ;ईडीद्ध की टीम ने शुक्रवार को गेमिंग ऐप फिविन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बनई स्थित बड़गागुआ गांव में छापेमारी की।

कोलकाता से आई इडी की टीम ने रेड के दौरान इन स्थानों से कई बैंकों के एटीएमए लैपटॉपए हार्ड डिस्कएपेन ड्राइव सहित कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजट और कागजात को जब्त किया है।

प्रारंभिक जांच में इडी को पता चला है कि रैकेट क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से गेमिंग ऐप से कमाए गए करोड़ों रूपए विदेश भेज रहा था। फिलहाल इडी सबूतों की जांच कर रही है।

ईडी ने बणई थाना अंतर्गत बड़गोगुआ गांव के छह घरों में छापेमारी की है। कुछ महीनों पहले ऑनलाइन मोबाइल गेम को लेकर शिकायत हुई थी।

जिसके बाद कोलकाता से 40 सदस्यीय ईडी टीम ने यहां आकर जांच की। ईडी जांच में पता लगाया कि कितने पैसे का लेन.देन हुआ और इसमें कौन शामिल है।

फर्जी डॉक्टर ने नौकरी का झांसा देकर की 17 लाख की ठगी

राउरकेला ३०/०७ (संवाददाता): राउरकेला सरकारी अस्पताल के डायलेसिस विभाग समेत अन्य अस्पतालों में फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी करने तथा फाइनेंस कंपनी से 16 लाख की ठगी में फंसे पद्मनाभ कारुआ के खिलाफ अब एक और धोखाधड़ी का मामला समाने आया है।नौकरी का झांसा देकर उसने लहुणीपाड़ा इलाके के युवकों से 17 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है। इस संबंध में लहुणीपाड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।फर्जी चिकित्सक पद्मनाभ कारुआ ने लहुणीपाड़ा व राजामुंडा क्षेत्र के युवकों को नौकरी का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। राउरकेला सरकारी अस्पताल के विभिन्न विभागों में नौकरी दिलाने के लिए युवाओं से उनके दस्तावेज लिए थे। नौकरी चाहने वाले युवाओं को राउरकेला सरकारी अस्पताल आकर अपने अपने विभाग में नौकरी करने के लिए बातचीत करने के साथ ही उसे पैसे भी दिए। पैसे का लेनदेन फरवरी से जुलाई 2023 के बीच हुआ है। फार्मेसी के लिए मानस रंजन महंताए यज्ञेसिनी महंताए पीईओ के लिए तन्मय महंताए अर्नवा प्रियदर्शिनी महंताए एएनएम के लिए लक्ष्मी महंताए पूर्णिमा गोपए रश्मिता महंताए बबीता पात्रए स्मार्ट सेवा के लिए ज्योतिर्मयी महंतो समेत अन्य लोगों से 17 लाख 38 हजार रुपये ठग लिए हैं ठगी के शिकार युवाओं के द्वारा लहुणीपाड़ा थाने में लिखित शिकायत की है इसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही छानबीन शुरू की है।

मच्छरों के प्रकोप से बेहाल प्लांट साइट अंचलवासी

राउरकेला ३०/०७ (संवाददाता): इन दिनों राउरकेला महानगर निगम ;आरएमसीद्ध की उदासीनता का फायदा विकास कार्य करने वाले ठेकेदार उठा रहे हैं। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ठेकेदारों की मनमानी और आरएमसी के अधिकारियों की उदासीनता का ही नतीजा है कि शहर भर में नाली नालों की साफ सफाई का काम आधा.अधूरा पड़ा है। इसका जीता जागता उदाहरण प्लांट साइट थाना के ठीक सामने विगत 6 माह पूर्व आरएमसी की ओर से निजी ठेकेदार को प्लांट साइट शिव मंदिर से लेकर थाना के आगे तक नाली निर्माण का कार्यबनाने का काम दिया गया। ठेकेदार द्वारा आधे में ही नाली का काम रोक देने और उसमें गंदगी जमा होने से उक्त मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों लोग सहित आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाली की बदबू बगल में स्थित थाना तक जाने से पुलिसकर्मी भी 24 घंटे परेशान होते हैं। इस संबंध में आरएमसी में लोगों द्वारा शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से उनमें रोष व्याप्त है। नाली में गंदगी जमा होने से इस अंचल में मच्छरों का उत्पात काफी बढ़ गया है। जिससे अंचलवासी डेंगू मलेरिया आदि बीमारी को लेकर सहमे हुए हैं।बता दें कि मच्छरों के उत्पात के कारण कुछ दिन पूर्व प्लांट साइट थाना अधिकारी सुब्रत मेहेर डेंगू का शिकार हो चुके है।

संयंत्र सञ्चालन के लिए खदानों का समन्वय विषय पर निष्पादन संवर्द्धन योजना कार्यशाला शुरू

राउरकेला ३०/०७ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र के सीपीटीआई में संयंत्र सञ्चालन के लिए खदानों का समन्वयष् विषय पर 2 दिवसीय निष्पादन संवर्द्धन योजना ;पेपद्ध कार्यशाला शुरू हुई।

कार्यशाला में ओडिशा खान समूह और झारखंड खान समूह तथा आरएसपी के संबंधित विभागों जैसे रॉ मैटेरियल हैंडलिंग प्लांटए सिंटरिंग प्लांटए ब्लास्ट फर्नेस और क्वालिटी के अधिकारियों सहित लगभग 50 कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक ;मानव संसाधन सह अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक ;परियोजनाँ श्री तरुण मिश्रए कार्यपालक निदेशक ;खान श्री आलोक वर्मा और कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखाद्धए श्री ए के बेहुरिया ने भाग लिया। अपने संबोधन में श्री तरुण मिश्र ने एकीकृत इस्पात संयंत्र में खदानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दियाए उन्हें लाभप्रदता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाली रीढ़ बताया। उन्होंने कहा हमें विक्रेय राशि ;टर्नओवर के संबंध में कंपनी के लाभ को अनुकूलित करने के लिए गुणवत्ताए आपूर्ति और बिक्री को बढ़ाने के लिए अपनी कैप्टिव खदानों का लाभ उठाना चाहिए।

श्री वर्मा ने कार्यशाला के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कीए खदानों और संयंत्र संचालन के बीच तालमेल बनाने के इसके लक्ष्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया मिलावट ;गैंग को कम करने और लौह निर्माण में उत्पादकता और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए अयस्कों के वांछित भौतिक आकार को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। श्री बेहुरिया ने वर्तमान बाजार परिदृश्य पर चर्चा कीए एनएसआर और उत्पादन लागत के बीच अंतर को कम करने में योगदान देने वाले कारकों की व्या या की।

यह देखते हुए कि 60 प्रतिशत उत्पादन लागत हॉट मेटल के उत्पादन के लिए जि मेदार है उन्होंने कोक के उपयोग और समग्र उत्पादन लागत को कम करने के लिए वांछित रासायनिक गुणों और दानेदार बनाने में खदानों की भूमिका को रेखांकित किया।

प्रारंभ में मु य महाप्रबंधक ;मानव संसाधन और मानव संसाधन.ज्ञानार्जन एवं विकास सुश्री राजश्री बनर्जीए ने स्वागत भाषण दिया। सहायक महाप्रबंधक ;केंद्रीय समन्वय खान सुश्री सुभास्मिता दास ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया। कार्यशाला के दौरान कंपनी अवलोकनए अपने प्रतिस्पर्धियों के संबंध में सेल की राष्ट्रीय और वैश्विक स्थिति खान परिप्रेक्ष्य और इसके प्रमुख मुद्दे और चुनौतियाँ तथा ग्राहक अपेक्षाएँ पर जानकारी प्रदान की गई। इनमें से प्रत्येक विषय पर कार्बन फुटप्रिंट को कम करनेए अच्छी गुणवत्ता वाले अयस्कों की आपूर्ति करने और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उद्घाटन दिवस के सत्रों को वित्तए खान और अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला के विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया। खान टीमों ने सिंडिकेट चर्चाओं में भाग लिया और सौंपी गई जि मेदारियों और समयसीमाओं के साथ कार्य योजनाएँ तैयार कीं।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

"सामग्रीयों की खरीद कार्यों एवं सेवाओं के लिए सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है या इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।" R-5215